समसा शिक्षा विभाग के दो इंजीनियरों को 23,400 की रिश्वत लेते पकड़ा

एसीबी ने धीरेन्द्र श्रीवास्तव, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय और राकेश कुमार गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदाकर्मी) को पकड़ा

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो इंजीनियरों को 23,400 रुपये रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए धीरेन्द्र श्रीवास्तव, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय और राकेश कुमार गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदाकर्मी) को पकड़ा है। एसीबी की टीम दोनों आरोपी से पूछताछ जारी है।

एसीबी के एडिशनल एसपी अमित कुमार ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी द्वारा किये गये कार्यों के संदर्भ में जो एसडी (सुरक्षा जमा राशि जमा कराई थी, उक्त एसडी को देने की एवज में धीरेन्द्र श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय व राकेश कुमार गुप्ता कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदाकर्मी) द्वारा परिवादी से 7.1 प्रतिशत के हिसाब से कुल 23.400 रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। एसीबी भरतपुर द्वारा ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी धीरेन्द्र श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय व राकेश कुमार गुप्ता कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदा कभी) कार्यालय एडीपीसी समग्र शिक्षा समसा भरतपुर को 23,400 रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई।

- **जमा एसडी देने की एवज में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय व कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदाकर्मी) द्वारा परिवादी से 23.400 की रिश्वत मांगी**

राजकीय चिकित्सालय कर्मचारियों ने की गलत जांच : उदयपुर के गोगुन्दा थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर सरकारी चिकित्सालय के कर्मचारियों के खिलाफ रोगी की गलत जांच करने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महेन्द्र पुत्र मोहनलाल पालीवाल निवासी चाटिया खेड़ी गोगुन्दा ने आरोपी गोगुन्दा चिकित्सालय में कार्यरत लेब टेक्नीशियन लता हरिजन, अशोक चौधरी, दिव्यांग व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि मेरे मौसी के लड़के जसवंतगढ़ निवासी श्रवण कुमार को 31 जनवरी को गोगुन्दा चिकित्सालय में उपचार कराने लाया था। जहां चिकित्सकों ने परामर्श दिया तथा आरोपियों ने उसकी जांच की तथा रिपोर्ट में नॉर्मल बताया था। वहां से दवा लेकर घर चले गए। इसके बावजूद स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर उदयपुर पहुंच कर निजी लेब में श्रवण की जांच करवाई, जहां उसकी किडनी में रोग होने का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

वृद्धा की नथ छीनने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार : उदयपुर के खेरोदा थाना पुलिस ने वृद्धा की सोने की नथ छीनने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित कालीबाई पत्नी गंगाराम निवासी गायरों को मोहल्ला खेरोदा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि 24 जनवरी को मैं व भुभुत गायरी दोनों 4 तालाब की पाल पर गरियां चरा रहे थे। इस दौरान बाइक पर आए दो व्यक्ति तालाब की पाल पर आकर खडे रहै। इस दौरान भुभुत लकड़ियां काटने गया इसको देख दोनों बदमाश मेरे नाक से सोने की नथ नाक से छिन ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्र जैन के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी सुरेश विश्नोई के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी फतहनगर पुलिस थाने के हिस्ट्रीशिटर पंकज पुत्र जीतमल उर्फ जीतु निवासी जेवाणा, किशनलाल पुत्र मांगीलानल निवासी सनवाड़ रोड़ फतहनगर तथा प्रकाश पुत्र हजारी लाल निवासी खरताणा फतहनगर को गिरफ्तार किया। पंकज ने पूछताछ में साथियों के साथ वारदात करना कबूल किया था।आरोपी पंकज ने साथियों के साथ मिल कर वल्लभनगर, भीण्डर, भोपालसागर, मंगलवाड़, कपासन, मावली, कांकरोली, गारियावास, राजसमन्द, मोरचणा राजसमन्द में भी चोरी एवं लूट की वारदातें करना कबूल किया है।

भीलवाड़ा : 50 वर्ष से बसे 50 घुमंतु परिवारों को बेदखल करने की कोशिशें तेज

जन अधिकार समिति ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

भीलवाड़ा, (निसं)। माण्डल स्टेशन नगर के सामने सल्जर फैक्टरी के पास स्थित रंगास्वामी घुमन्तु बस्ती के परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिछले 50 वर्षों से यहां निवास कर रहे और खेती के जरिए अपना पेट पाल रहे करीब 50 परिवारों को बेदखल करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। जन अधिकार समिति, भीलवाड़ा ने इस मामले में गहरा रोष व्यक्त करते हुए जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

समिति के जिला संयोजक जगदीश दास रंगास्वामी ने बताया कि स्थानीय महात्मा गांधी विद्यालय द्वारा इन परिवारों को नोटिस दिए गए और प्रशासन की मदद से उनकी सिंचित खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया गया। ये परिवार पिछले 45-50 वर्षों से इसी जमीन पर खेती कर अपना गुजारा कर रहे थे। फसल उजाड़े जाने से इन गरीब परिवारों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इससे बस्ती के निवासियों में भय व्याप्त है। फसल उजाड़ने के बाद अब इन 50 परिवारों के आशियानों को भी जमींदोज करने की धमकी दी जा रही है। जन अधिकार समिति का कहना है कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार, किसी भी घुमन्तु परिवार को तब तक विस्थापित नहीं किया जा सकता जब तक कि उनके लिए वैकल्पिक आवास या पुनर्वास की व्यवस्था न कर दी जाए। विद्यालय प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों की यह कार्यवाही सीधे तौर पर मानवाधिकारों और सरकारी नियमों का उल्लंघन है।

- **आरोप है कि स्थानीय महात्मा गांधी विद्यालय द्वारा इन परिवारों को नोटिस दिए गए और प्रशासन की मदद से उनकी सिंचित खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया गया**
- **फसल उजाड़ने के बाद अब इन 50 परिवारों के आशियानों को भी जमींदोज करने की धमकी दी जा रही है**

जिला कलैक्टर को दिये ज्ञापन में बस्ती के ध्वस्तीकरण पर तुरंत रोक लगाने, गरीब परिवारों की खड़ी फसल उजाड़ने वाले दोषियों की जांच कर सख्त कार्यवाही करने, इन परिवारों को राज्य सरकार की योजनांतर्गत पट्टे आवंटित कर स्थायी रूप से बसाया जाने की मांग की गई। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि इन निर्दोष परिवारों को न्याय नहीं मिला और विस्थापन की कार्यवाही नहीं रोकी गई, तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस दौरान संयोजक अजमेर संभाग राजकुमार मालावत, जन अधिकार कार्यसमिति भागचंद झाझावत, भंवरनाथ, गोपीदास, राहुलदास, धर्मदास, भंवर कंजर, रघुवीर सांसी, भैरूदास, कालूदास, विक्रमदास, सत्तुदास, मदनदास, रतनदास, राजूदास, सीता बाई सांसी, सीता बाई, गीता बाई, जमना बाई, मंजू बाई, डगली बाई आदि उपस्थित रहे।

42 घंटे बाद मिला एनिकट में डूबे किसान का शव

एसडीआरएफ टीम ने शव को घटना स्थल से करीब 20 मीटर आगे से निकाला।

टोंक, (निसं)। पचेवर थाना क्षेत्र में माशी नदी पर बने एनीकट में डूबे किसान का शव शुक्रवार को 42 घंटे बाद एसडीआरएफ टीम को शव घटना स्थल से करीब 20 मीटर आगे मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

एसडीआरएफ टीम प्रभारी राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि मृतक कानाराम (27) पुत्र सकराम बावरीनिवासी बाछेड़ा जो बंटाई पर खेती करता था, जो गत बुधवार को नहाते समय गहरे पानी में चला गया, जिसकी पानी में डुबने से मौत हो गई। बाद में सूचना पर पंहुची एसडीआरएफ टीम व सिविल डिफेंस की टीम ने लगातार प्रयास के बाद तीसरे दिन शुक्रवार सुबह ने घटना स्थल से करीब 20 मीटर दूर कानाराम का शव बरामद कर लिया। शव को पचेवर थाना पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक चालक की मौत : उदयपुर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में ट्रेलर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक चालक चेनराम (44) पुत्र लच्छीराम डांगी निवासी वालाथल वल्लभनगर की मौत हो गई। चेनराम बाइक पर अम्बेरी से गांव जा रहा था। जहां बीच रास्तें में ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया, जिससे वह पुलिया से निचे जा गिरा। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई सुनिल विश्नोई ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

वहीं गत दिनों आलाव तापते समय झुलसी किशोरी किरण (16) पुत्री मनोहर ढोली निवासी डुंगरी फला पडूणा टीडी की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। एएसआई बीहारीलाल ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

लाखों के जेवर व नकदी चोरी : उदयपुर शहर केभुपालपुरा थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर लाखों के जेवर व नकदी चुरा ले गए। भुपालपुरा थाना क्षैत्र सरदारपुरा निवासी चतरलाल सोमानी परिवार सहित 5 फरवरी को भीलवाड़ा गए थे। दूसरे दिन मकान का ताला टूटा होने की सूचना मिली। इस पर घर लौट कर देखा तो ताले टूटे हुए एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो करीब 20 तोला सोने के जेवर, डेढ किलो चांदी के जेवर व नकदी गायब थी।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रामगंजमंडी, (निसं)। रामगंजमंडी क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। उंडवा सड़क मार्ग पर ओम साईंनाथ कोल्ड स्टोरेज के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में मृतक की पहचान मुकेश प्रजापति (35 वर्ष) निवासी संधारा के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक भेरूलाल, निवासी कलाकोट बताया गया है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रामगंजमंडी अस्पताल से हालत गंभीर होने पर झालावाड़ रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक इंडस्ट्रियल एरिया में मशीन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत थे। गुरुवार रात करीब 10 बजे ड्यूटी समाप्त कर वे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुकेश प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही रामगंजमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में ले लिया। हालांकि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा मामले की जांच की जा रही है। बताया गया है कि मृतक मुकेश प्रजापति अपने परिवार का एकमात्र सहारा था।

आश्वासन के बाद सुलझा मामला

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के सवीना थाना क्षेत्र में गुरुवार को चाकूबाजी के बाद एक घंटे तक एंबुलेंस में तड़पने के बाद युवक की मौत हो गई थी। मामले में शुक्रवार को दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन के बाद उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा के हस्तक्षेप से समाज एवं परिजनों के साथ हुए समझौते के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

गुरुवार को प्रेम गमेती (32) को बदमाशों ने लूटने की कोशिश की थी। वारदात के दौरान उस पर चाकू से वार भी किया था। एंबुलेंस से उसे हॉस्पिटल ले जाना था लेकिन उसे थाने ले गए।थाने के बाहर एंबुलेंस एक घंटा तक खडी रही। आखिरकार उसने दम तोड दिया। प्रशासन और परिजनों के बीच हुए समझौते के तहत मृतक की पत्नी को संविदा पर नौकरी तथा नियमानुसार आर्थिक सहायता के आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

बाजरे के कट्टों से भरा ट्रक पलटा

निवाई/ गुंसी, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव मूंडिया के समीप गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे एक गाय को बचाने के प्रयास में बाजरे के कट्टों से भरा हुआ ट्रक असंतुलित होकर करीब दस फीट गहरी खाई में पलट गया, जिससे बाजरे की बोरियां बिखर गई। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

सदर थाना प्रभारी हीरामन मीणा ने बताया कि गांव भीमाना तहसील पाली निवासी शैतान गरासिया ट्रक में भरतपुर से बाजरे की बोरियां भरकर गुजरात जा रहा था। इसी दौरान मूंडिया बायपास पर अचानक एक गाय ट्रक के सामने आ गई। जिसको बचाने के प्रयास में ट्रक असंतुलित होकर सड़क मार्ग से नीचे जाकर करीब दस फीट गाहरी खाई में पलट गया। पुलिस ने राहगीरों की सहायता से चालक को सकुशल बाहर निकाला और क्रेन की सहायता से ट्रक को खड़ा करवाया।

अजमेर के बोराड़ा टोल पर ग्रामीणों का हंगामा

अरांई/ अजमेर, (निसं)। अरांई-सरवाड़ राज्य राजमार्ग पर बोराड़ा में स्थित टोल टैक्स को लेकर शुक्रवार को आसपास के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया और स्थानीय लोगों को टोल से मुक्त करने की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही अरांई व बोराड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए ग्रामीणों से समझाइश के प्रयास किए।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टोल बूथ पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इसके साथ ही आसपास के गांवों के वाहनों से भी जबरन टोल वसूला जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जा रही, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरना दे रहे ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि बोराड़ा टोल टैक्स के आसपास के लगभग 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी गांवों को टोल मुक्त किया जाए, ताकि किसानों, मजदूरों और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

- **20 किलोमीटर दायरे के गांवों को टोल मुक्त करने की मांग, प्रदर्शन के बाद आश्वासन मिला**

काशीर सरपंच भागचंद चौधरी ने बताया कि उन्होंने केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के पुत्र व भाजपा नेता सुभाष चौधरी को दूरभाष पर पूरे मामले से अवगत कराया। इस पर सुभाष चौधरी ने टोल मैनेजर से बातचीत कर 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी वाहनों को टोल फ्री करने के निर्देश दिए। टोल फ्री करने के निर्देश मिलने के बाद ग्रामीणों ने कुछ हद तक संतोष जताया, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन नहीं होता, तब तक वे आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे।

इस दौरान समाजसेवी सांवरलाल भामू, बोराड़ा के पूर्व सरपंच शक्ति प्रताप सिंह राठौड़, सीपीएस स्कूल के श्रवण चौधरी, शंकर चौधरी काशीर, दीपक खटीक गोठियाना, कुलदीप सिंह गोठियाना, पंकज वैष्णव बोराड़ा, मोहन चौधरी रिंगनोट, खुशीराम चौधरी लापड़ा, कैलाश बैरवा गोठियाना, प्रधान गोठियाना, मेघराज चौधरी लापड़ा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

बाइक चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। बिजौलिया पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 18 महीने से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद कर चुकी थी।

जानकारी के अनुसार मामला अगस्त 2024 का है। 30 अगस्त को फरियादी मांगीलाल शर्मा विन्ध्यावासनी माताजी मंदिर दर्शन करने गए थे, जहां बाहर खड़ी उनकी हीरो स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस समय दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली थी, लेकिन तीसरा आरोपी अजय सिंह तब से पुलिस की गिरफ्त से दूर था।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता से आरोपी अजय सिंह पुत्र हनुमान सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूल रूप से बूंदी जिले के लाम्बा पीपल का रहने वाला है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी स्वागत पांड्या के साथ हैड कांस्टेबल विजय सिंह, हरिसिंह और कांस्टेबल दलवीर की अहम भूमिका रही।

जैसलमेर के धोरों में सुपर कारों का इवेंट "द डेजर्ट स्टॉर्म" शुरू

जैसलमेर, (निसं)। जिले को पर्यटन मानचित्र में दुनिया में सिरमौर बनाने हेतू धोरों में शुक्रवार से सुपर कारों का इवेंट द डेजर्ट स्टॉर्म शुरू हुआ। चार दिन तक चलने वाले इस इवेंट में देश की सबसे महंगी 13 करोड़ रुपए की लेम्बोर्गिनी कार भी शामिल है। ये कार महज ढाई सेकेंड में ही 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इस इवेंट में 14 सुपर लग्जरी कारें शामिल हैं, जिनकी कीमत ढाई करोड़ से शुरू हो रही है। खास बात ये भी है कि इसमें माधुरी दीक्षित के पति डॉ. नेने से खरीदी गई पोर्शे कार भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार यह टूर 4 दिनों का है, जिसमें कुल 33 सदस्य (28 प्रतिभागी और 5 क्रू मेंबर) शामिल हैं। मुंबई, पुणे और गुजरात के बड़े उद्यमी इस सफर का हिस्सा हैं। ये कारें जैसलमेर के सोनार किला, हवेलियों और रेगिस्तानी कैंपों में जाएंगी। इस इवेंट को मुंबई के 43 साल के इवेंट कंपनी मालिक जैन रईस करवा रहे हैं। इसका नाम द डेजर्ट स्टॉर्म है। वे फैशन इंडस्ट्री से भी जुड़े हैं। इसकी शुरुआत साल 2019 में हुई थी। जैन रईस ने 2019 में अपनी पहली लग्जरी कार पोर्शे खरीदी थी। इस कार की स्पीड से उन्हें आइडिया आया कि क्यों न इसे केवल ड्राइविंग तक सीमित न रखकर भारत के टूरिस्ट प्लेस को प्रमोट किया जाए। साल 2025 में उन्होंने द सुपर कार रूट की शुरुआत की। आज इनके ग्रुप में 150 लोग शामिल हैं। जैन रईस का मानना है कि इन सुपर कार को देश के ऐसी जगहों पर ले जाना है, जहां का एनवॉयरमेंट और वहां की परस्थितियां इन कारों के लिए चुनौती हों। यही कारण रहा कि वे हिमाचल, सतारा के कास पठार और सिक्किम के गंगटोक जैसी दुर्गम जगहों पर इन कारों को ले जा चुके हैं। इस बार इन्होंने इन सुपर कारों के लिए जैसलमेर को चुना है।

- **चार दिन तक चलने वाले इस इवेंट में देश की सबसे महंगी 13 करोड़ रुपए की लेम्बोर्गिनी कार भी शामिल है**

खेजड़ी बचाओ आंदोलन : सरकार के लिखित आश्वासन पर आमरण अनशन खत्म, महापड़ाव जारी

खेजड़ी बचाने के लिए बीकानेर से शुरू हुआ आंदोलन हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और जालोर तक पहुंच गया है

बीकानेर, (निसं)। खेजड़ी बचाने के लिए बीकानेर से शुरू हुआ आंदोलन हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और जालोर तक पहुंच गया है। इन जिलों में लोगों की ओर से धरने दिए जा रहे हैं। हालांकि बीकानेर में ही खेजड़ी काटने का मामला सामने आया है। इधर, बीकानेर में बिश्नोई धर्मशाला के सामने चल रहना आमरण अनशन सरकार के लिखित आश्वासन पर शुक्रवार को चौथे दिन खत्म हो गया। महापड़ाव अब भी जारी है। आंदोलनकारियों ने साफ किया है कि कानून बनने तक धरना और क्रमिक अनशन चलता रहेगा। धरने पर बैठे रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि घोषणा से पहले अधिकारियों से चर्चा की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यदि हमारी मांगों के अनुरूप एक्ट नहीं आता है तो हमारा महापड़ाव जारी रहेगा। अब भी खेजड़ी लगातार काटी जा रही है। हम कैसे विश्वास करें कि खेजड़ी कटाई पर रोक लग जाएगी। हमारी मांग है कि खेजड़ी कटाई पर पूरे राजस्थान में रोक लगाई जाए। पिछले 4 दिन में 100 से ज्यादा अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई थी। इनमें से 14 आंदोलनकारियों को पीबीएम में एडमिट किया गया था, जिसमें से 7 अब भी एडमिट है। शुक्रवार को महापड़ाव में संतों के साथ समाज के महिला और पुरुष भी बैठे हैं। धरने पर बैठी महिला ने बताया कि केवल दो संभागों में खेजड़ी पर रोक लगाई थी। हमारी मांगों का गला घोंटा गया।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सरकार के मंत्री केके बिश्नोई और जसवंत की मौजूदगी में संतों ने अनशन तोड़ा था। इस दौरान पूरे राजस्थान में खेजड़ी कटाई पर रोक की बात को लेकर विवाद का माहौल बन गया था। इसके बाद रात करीब एक बजे सभी अनशनकारियों ने भी अपना अनशन तोड़ दिया था। बीकानेर में शुक्रवार को भी विश्नोई धर्मशाला में महापड़ाव जारी है। यहां अब बारी-बारी से लोग इसमें शामिल होंगे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे परसराम बिश्नोई ने बताया कि क्रमिक अनशन में प्रतिदिन नए पर्यावरण प्रेमी शामिल होंगे। आमरण अनशन के दौरान अनशनकारियों की संख्या 537 तक पहुंच गई थी। इस दौरान कई अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजना पड़ा था। वहीं महिला ने बताया कि गुरुवार को सरकार के मंत्री और प्रतिनिधि आए थे। दो संभागों में खेजड़ी नहीं काटी जाएगी। पाली जिले में भी खेजड़ी काटी गई। हम सरकार के प्रतिनिधियों पर कैसे भरोसा करें। हमारे आश्वासनों का गला घोंटा गया। जब तक ट्री एक्ट लागू नहीं हो जाता हमारा संघर्ष और धरना जारी रहेगा।

- **आंदोलनकारियों ने साफ किया है कि कानून बनने तक धरना और क्रमिक अनशन चलता रहेगा**

खेजड़ी बचाओ आंदोलन में मंच पर संत भी मौजूद है। संतों का कहना है कि जब तक एक्ट लागू नहीं हो जाता, तब तक उनका आंदोलन चलता रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक पेड़ की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित पर्यावरण की है। बीकानेर पश्चिम से विधायक जेठानंद व्यास महापड़ाव स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार इस विषय पर जल्द ही कानून बनाएगी। खेजड़ी बचाओ आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि यह आंदोलन केवल खेजड़ी के संरक्षण का ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आंदोलन है। अनशनकारी मुकेश ने कहा कि 1730 में मां अमृता देवी के नेतृत्व में पर्यावरण की रक्षा के लिए 363 लोगों ने बलिदान दिया था। आज हम उस इतिहास को फिर से दोहराने के लिए तैयार है। खेजड़ी काटने पर कम से कम सात साल की जेल और 4-5 लाख रुपए के जुर्माने के साथ कठोर कानून बनाया जाना चाहिए।

महापड़ाव के दौरान मंच से ममता बिश्नोई ने कहा कि बीकानेर के गंगाशहर क्षेत्र में गुरुवार रात मना करने के बावजूद खेजड़ी का पेड़ काट दिया गया। पेड़ काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है, तो शाम को उसी जगह अनशन किया जाएगा। ममता बिश्नोई ने कहा कि अगर खेजड़ी आडे आ रही थी तो यहां साधु-संतों से परमिशन लेकर जानी चाहिए थी। अगर मुझे पता चल जाता तो मैं अकेली ही काफी थी। उसको वहां से जिंदा ही नहीं जाने दी।

खेजड़ी बचाने के लिए जालोर के सांचौर में बिश्नोई समाज के लोगों ने शुक्रवार को क्रमिक अनशन शुरू किया है। आंदोलन को सांचौर ऑटो टैक्सी यूनियन ने समर्थन दिया है। बार एसोसिएशन सांचौर ने भी आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए खेजड़ी संरक्षण को समय की आवश्यकता बताया। हनुमानगढ़ में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के तत्वावधान में 'खेजड़ी बचाओ-पर्यावरण बचाओ' आंदोलन शुरू किया है। कलेक्टर ऑफिस के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। धरने में शामिल लोग खेजड़ी की कटाई के खिलाफ सख्त कानून बनाने, सोलर कंपनियों को लगातार दिए जा रहे भूमि आवंटन पर रोक लगाने और भूमिहीनों को जमीन आवंटित करने की मांग कर रहे हैं। महापड़ाव पर शुक्रवार को लॉ स्टूडेंट भी पहुंचे।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। डबोक थाना पुलिस ने युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट कर उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार किशनसिंह पुत्र रतनसिंह निवासी रेला डबोक ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी पुत्री जशोदा व मेरे पुत्र निर्भयसिंह का आटा साटा विवाह गोविन्दसिंह निवासी खेजड़ी का कगुआ तरपाल गोगुन्दा के पुत्र जितेन्द्रसिंह व पुत्री का अण्छा कुंवर के साथ दिसंबर 2025 में करवाया था। पुत्री जशोदा के साथ उसका पति मारपीट किया करता था। इससे परेशान होकर एक सप्ताह पूर्व वह घर चली आई थी। 27 जनवरी के रात में मेरा जमाई जितेन्द्रसिंह व उसका भाई पर्वतसिंह व साथी कार लेकर घर रेला आये तथा जशोदा के संबंध में पूछा। इनकार करने पर मेरे पुत्र सुरेन्द्र को कार में डालकर अपहरण कर ले गए। जहां गोंगुन्दा के जंगल में उसके साथ मारपीट की। जिससे परेशान होकर सुरेन्द्र ने सैल्फोस का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक आशिमा वासवानी के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी हुकमसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी खेजड़ियों का गुड़ा मालीयों की मादड़ी गोगुंदा निवासी जितेन्द्रसिंह पुत्र गोविंदसिंह व पर्वतसिंह पुत्र गोविन्दसिंह को गिरफ्तार किया।